





# गुरु पूर्णिमा पर डीजे, झांकियां और चल समारोह पर रोक

## 28 से 30 जुलाई तक रहेगा तीन दिवसीय महोत्सव, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने शुरू की तैयारियां



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** श्री धूनीवाले दादाजी धाम में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कानून-व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अगम जैन सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महोत्सव की तैयारियों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि 28 से 30 जुलाई तक गुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजित होगा, जबकि 29 जुलाई को मुख्य पर्व रहेगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव के दौरान दादाजी धाम में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम को शहर एवं मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और अस्थायी शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत वितरण कंपनी को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा स्वास्थ्य विभाग को दादाजी धाम परिसर में अस्थायी चिकित्सालय स्थापित कर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।यातायात पुलिस को पार्किंग, रूट डायवर्जन और ट्रैफिक प्रबंधन की अग्रिम तैयारी करने के लिए कहा गया। वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को महोत्सव के दौरान लगने वाले भंडारों में वितरित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 से 30 जुलाई तक शहर में डीजे, झांकियां और चल समारोह आयोजित नहीं किए जाएंगे। साथ ही भंडारों के स्टॉल सड़क किनारे लगाने की अनुमति नहीं होगी, ताकि यातायात प्रभावित न हो और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनी रहे। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे गुरुपूर्णिमा महोत्सव शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

### एसपी ने जांची सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं ..



गुरुपूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गुरुवार को व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने दादाजी धाम पहुंचकर सुरक्षा, यातायात, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) अनिल कुमार राय, यातायात थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह परिहार, शहर के तीनों थाना प्रभारी तथा दादाजी ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु यातायात व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गुरुपूर्णिमा पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# पैरों के निशान बने सुराग, पत्नी ही निकली पति की कातिल

## 24 घंटे में पुलिस ने किया कत्ल का पर्दाफाश



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पंधाना थाना क्षेत्र के कुसुम्बिया गांव से एक सनसनीखेज और खौफनाक वारदात सामने आई है। यहां एक पत्नी ने अपने अवैध संबंधों के चलते प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति को मौत की नींद सुला दिया। पुलिस की मुस्तैदी और एफएसएल टीम की बारीकी ने कातिलों के मंसूबों पर पानी फेर दिया और महज पैरों के निशानों से इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर दिया। मंगलवार की रात 28 वर्षीय केदार, पिता कुर्बान, खाना खाकर अपने घर के आंगन में खटिया पर सो रहा था।

बुधवार सुबह परिजनों ने उसे खून से लथपथ मृत अवस्था में पाया। उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से जानलेवा वार किए गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पंधाना पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती पूछताछ में पत्नी और परिजनों ने हत्या की जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया था।जांच के दौरान पुलिस की नजर घटनास्थल पर मौजूद कुछ पैरों के निशानों पर पड़ गई। पुलिस ने जब बारीकी से इन निशानों का पीछा किया तो वे एक क्रेशर मशीन तक पहुंचे, जिसके बाद पक्की सड़क आ जाने के कारण निशान मिट गए थे। इन सुरागों को पुख्ता करने के लिए साइबर सेल की मदद ली गई और जांच की दिशा करण, पिता राजू, की तरफ मुड़ गई। संदेह के आधार पर जब पुलिस ने करण को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। डीएसपी अनिल सिंह चौहान ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक की पत्नी और करण के बीच प्रेम-प्रसंग था। दोनों ने मिलकर केदार को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रची थी। इसी योजना के तहत, करण ने रात के अंधेरे में सो रहे केदार के सिर पर लकड़ी से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। कातिल प्रेमी करण और साजिश रचने वाली मृतक की पत्नी, दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# किसानों का अल्टीमेटम, मांगें पूरी करो वरना आंदोलन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** भारतीय किसान संघ की जिला बैठक गुरुवार को नई अनाज मंडी परिसर में आयोजित हुई। बैठक में जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के बाद जिला कलेक्टर को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जिलेभर में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में जिले में मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने, किलोद तहसील के बंद खरीदी केंद्रों को दोबारा शुरू करने, खराब अंकुरण वाले सोयाबीन बीज की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा खालवा क्षेत्र के किसानों को टावर लाइन का लंबित मुआवजा दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा डीएमओ केंद्रों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, खाद-बीज की गुणवत्ता की नियमित जांच, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर किसानों की लंबित शिकायतों का समयबद्ध निराकरण और नरवाई के कारण सोयाबीन फसल में आ रही समस्याओं के समाधान की मांग भी उठाई गई।बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने 30 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले महिला महासम्मेलन में जिले से एक हजार महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया।

साथ ही वर्ष 2027-28 के सदस्यता अभियान और 7 जुलाई से शुरू होने वाले मालवा प्रांत के प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में प्रांत सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, प्रांत उपाध्यक्ष रेवाराम भारदिया, प्रांत मंत्री धर्मचंद गुर्जर, जिला अध्यक्ष राधेश्याम वाचरिया, जिला मंत्री सुभाष, जिला कोषाध्यक्ष उमेश पटेल, छेगांव तहसील अध्यक्ष दिनेश, खंडवा तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र, अशोक, श्रीकांत गोखले सहित बड़ी संख्या में किसान एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन ने ज्ञापन की प्रतिलिपि क्षेत्रीय सांसद को भी भेजी है।

# 125 दिन रोजगार की गारंटी वाली योजना

## मंत्री शाह बोले- गरीब ग्रामीण मजदूरों के लिए वरदान साबित होगी यह योजना



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** समीपस्थ ग्राम बमनगांव आखई में गुरुवार को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीरामजी) योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ विजय शाह ने कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीब मजदूरों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अब ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी।

डॉ. शाह ने कहा कि यदि कोई मजदूर काम मांगने के बाद भी रोजगार से वंचित रहता है तो उसे नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। साथ ही मजदूरी भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा भी मजदूर को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने योजना के लिए बजट बढ़ाया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, शौचालय निर्माण, मध्याह्न भोजन, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश और साइकिल जैसी योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि नई योजना में रोजगार गारंटी की पूर्व कमियों को दूर किया गया है। अब भवन निर्माण, पक्की सड़क, बाउंड्री वॉल सहित अन्य स्थायी निर्माण कार्य भी कराए जा सकेंगे, जिससे रोजगार के साथ ग्रामीण अधोसंरचना का भी विकास होगा। मांधाता विधायक नारायण पटेल ने कहा कि 125 दिन रोजगार मिलने से ग्रामीणों का पलायन रुकेगा। पंधाना विधायक छाया मोरे ने जल संरक्षण और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। खंडवा विधायक कंचन तन्वे ने कहा कि योजना में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी। महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि हितग्राहियों के खातों में राशि सीधे पहुंचने से पारदर्शिता बढ़ी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तन्वे, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मंत्री डॉ विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# परीक्षा के बीच भी जनसेवा में जुटीं विधायक तनवे



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरुवार को विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कार्यालय में आयोजित नियमित जनदर्शन कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में गोविंद नगर, रामनगर, बेड़ियाव, भाकरड़ा, गांधी नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए 100 से अधिक नागरिकों ने अपनी समस्याएं और मांगें विधायक के समक्ष रखीं।

विधायक तनवे ने अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने तथा कार्रवाई की जानकारी उन्हें भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक तनवे ने कहा कि नागरिक अपनी समस्याओं को लंबित न रखें, बल्कि जनदर्शन में आकर सीधे उन्हें बताएं। उन्होंने कहा, समस्या आपकी नहीं, मेरी है। मैं उसे अपने परिवार की समस्या मानकर उसके समाधान का हर संभव प्रयास करूंगी।

आपने मुझे सेवा के लिए चुना है और मैं हमेशा आपके साथ खड़ी हूं। गुरुवार को विधायक कंचन तनवे की परीक्षा भी थी। इसके बावजूद उन्होंने सुबह परीक्षा की तैयारी करने के बाद नियमित रूप से जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों की समस्याएं सुनीं और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# युवा संसद प्रतियोगिता में एकलव्य विद्यालय रोशनी अव्वल

**खंडवा।** राजस्थान के उदयपुर जिले के खेरवाड़ा में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता की जोन स्तरीय स्पर्धा में खंडवा जिले के खालवा विकासखंड स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, रोशनी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संसदीय परंपराओं, तार्किक प्रस्तुति और प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन कर निर्णायकों को प्रभावित किया। विद्यालय की इस उपलब्धि से जिले का गौरव बढ़ा है।विद्यालय की प्राचार्या शचि चौधरी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और टीम भावना को दिया। विद्यालय परिवार ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



# आंगनवाड़ी पदों पर भर्ती, खंडवा में 47 रिक्तियां

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** महिला सशक्तिकरण और पोषण सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में 2,548 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें 781 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा 1,767 आंगनवाड़ी सहायिका के पद शामिल हैं। खंडवा जिले में 15 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 32 सहायिका सहित कुल 47 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

निर्धारित नियमों के अनुसार आवेदिका उसी राजस्व ग्राम या शहरी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है, जहां संबंधित पद रिक्त है। किसी अन्य ग्राम या वार्ड की महिला उस पद के लिए आवेदन करने की पात्र नहीं होगी। शासन का मानना है कि स्थानीय महिलाओं की नियुक्ति से आंगनवाड़ी सेवाओं का बेहतर संचालन और समुदाय से समन्वय मजबूत होगा। भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 1 जुलाई से 13 जुलाई तक एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की सुविधा 15 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी कार्यालय में जमा किए गए ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। दोनों पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं (हायर सेकेंडरी) उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। वहीं 1 जनवरी 2026 की स्थिति में आवेदिका की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। आयु सत्यापन के लिए 10वीं की अंकसूची अनिवार्य होगी। आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करने होंगे।

# 47 मामलों के आरोपी सलीम उर्फ लंगड़ा एक वर्ष के लिए जिलाबदर

**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने आदतन अपराधी सलीम उर्फ लंगड़ा पिता जाहिद उर्फ जावेद निवासी बापूनगर, थाना मोघट रोड को एक वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं।आदेश के अनुसार आरोपी इस अवधि में खंडवा के अलावा बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा और इंदौर जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार सलीम उर्फ लंगड़ा के खिलाफ पिछले 19 वर्षों में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत 47 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें प्राणघातक हमला, सट्टा खिलाना, शांति भंग करना, जान से मारने की धमकी देना, मारपीट, चोरी और अश्लील गालियां देने जैसे अपराध शामिल हैं।

**निरीक्षण** ओंकारेश्वर पावर स्टेशन पहुंचे एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी

# पावर हाउस-फ्लोटिंग सोलर प्लांट का किया निरीक्षण, पारदर्शिता व सतर्कता पर जोर




**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** एनएचपीसी लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी संतोष कुमार ने ओंकारेश्वर पावर स्टेशन का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उनकी पत्नी निशा सिंह एवं एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश भी साथ रहे। परियोजना प्रमुख डीके द्विवेदी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया, जबकि लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा अंजना द्विवेदी ने निशा सिंह का स्वागत किया।

मुख्य सतर्कता अधिकारी ने पावर हाउस परिसर तथा 88 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्हें परियोजना की कार्यप्रणाली, विद्युत उत्पादन क्षमता, सुरक्षा व्यवस्था, परिचालन प्रणाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने आधुनिक तकनीक के उपयोग, कार्य गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की सराहना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। संतोष कुमार, निशा सिंह, प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी राजेश ओझा तथा महाप्रबंधक (सतर्कता) विक्रम रावूरू ने पौधे लगाकर हरित विकास का संदेश दिया। दौरे के दौरान आयोजित बैठक में परियोजना की प्रगति, सतर्कता संबंधी गतिविधियों, सुशासन और संगठनात्मक दक्षता पर विस्तार से चर्चा हुई। संतोष कुमार ने कहा कि सतर्कता केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ओएंडएम) विनोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक (सिविल) संजय कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।